।। गीताध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेपः ।।

गोस्वामी श्याम मनोहर

प्रकाशक : गोस्वामी श्याम मनोहर,
६३, स्वस्तिक सोसायटी,
जुहु चौथा रस्ता,
विलेपार्ले - मुंबई - ४०० ०५६.

सहयोग प्रकाशन : १. श्रीहसमुखभाई शेठ, मुंबई
२. श्रीमती चंद्रावती भाटिया, मुंबई
३. किशनगढ़ वैष्णव समाज, किशनगढ़

संकलनकार : गोस्वामी श्याम मनोहर

प्रथमसंस्करण : वि.सं.२०७२, श्रीमत्प्रभुचरणोत्सव.

प्रति : ५००

निःशुल्कवितरणार्थ

मुद्रक :
रमा आर्ट्स,
४, चुनावाला इन्डस्ट्रिअल् एस्टेट्,
कोंडिविटा, अंधेरी (पूर्व),
मुंबई : ४०० ०५९.

॥ श्रीकृष्णाय नमः ॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः ॥

सम्पादकीय

ग्रन्थकर्ता गो.श्याममनोहरजीद्वारा **'गीताध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेपः'** प्रकाशन होने जा रहा है. प्रस्तुत ग्रंथके विषयके रूपमें श्रीमद्भगवद्गीताके अठारह अध्यायोंपर वाल्लभमतानुसार व्याख्या प्रस्तुत की गई है जिसके संक्षिप्त परिचय और रूपरेखा कुछ इस तरहसे है :

वैसे तो श्रीवल्लभजीकी तत्त्वदीपिका, श्रीपुरुषोत्तमजीकृत 'अमृत-तरंगिणी' और गो.वा.श्रीनानुलाल गांधीका अनुवाद गीताव्याख्याके रूपमें संप्रदायमें प्रसिद्ध हैं. फिर भी इस आलेखमें गीताके सभी अध्यायोंका तीन षटकमें विभाजन करके उनमें क्रमशः सूत्र, वृत्ति और भाष्य; और अठारहवें अध्यायके **''सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज''** श्लोकमें स्वयं प्रभुकी पूर्व सभी आज्ञाओंके विकल्पतया उनकी शरणागति स्वीकारनेकी आज्ञा, प्रभुकी ही वार्तिककारके रूपमें प्रस्तुतिका अनोखा प्रयास है.

उपरोक्त ग्रन्थकी विलक्षणता यही है कि यह न केवल संस्कृतभाषामें छन्दोबद्ध है अपितु इदमप्रथम चर्चित विषयमें इदमित्थमतया प्रथम प्रयास किया गया है.

श्रीमहाप्रभुजीका 'स्ववंशेस्थापिताशेषस्वमहात्म्यः'नाम फलीभूत तब ही लगता है जब उनके सिद्धांत और वचनों के वर्तुलमें सीमित रहकर अपनी भाषा या शब्दों में कुछ उल्लेख होता हो, जैसा कि इस आलेखमें स्पष्ट दिखलाई देता है. और उसी वर्तुलमें रहकर कुछ ग्रहीत होता हो तब ही इस ग्रंथकी विशालता और गहनता का महत्त्व बुद्धिस्थ हो पायेगा.

'गीताध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेप'की भूमिका लिखनेके लिये ग्रन्थकारके अनुरोधको स्वीकारकर माननीय श्रीसच्चिदानन्दजी मिश्रने भूमिका लिखी सो उनके प्रति हम कृतज्ञता प्रकट करते हैं.

इस ग्रन्थके संकलनमें श्रीधर्मेन्द्र झाला और श्रीमतीमनीषा - श्रीपरेश शाह का सहयोग प्रदान अविस्मरणीय है. और ग्रन्थके प्रकाशनमें मुद्रणोचित सारा उत्तरदायित्व श्रीमनीष बाराईने निभाया है. सुन्दर आवरक पृष्ठ श्रीमती ख्याति भुल्लाने सजाया है.

निकीता - जगदीश - अनिल

।। पुरोवाक् ।।

श्रद्धेय गोस्वामी श्याममनोहरजीका स्नेह तथा आशीर्वाद हमपर हमेशा रहता है. श्रद्धेय गोस्वामीजीका अनुरोध प्राप्त हुआ कि गीताध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेप पर मैं कुछ लिखूं. आपका वैदुष्य भारतीय दर्शनों तक ही सीमित नहीं है, अपितु पाश्चात्त्य दर्शन, विज्ञान, इतिहास, संस्कृति तथा धर्मचेतना इत्यादि विषयोंकी भी आपको गम्भीर समझ है. विरले ही मिलेंगे जिन्होंने इतनी गम्भीरतासे भारतीय दर्शनके मूलग्रन्थोंका अध्ययन किया हो और श्रद्धापूर्वक उनके अर्थों तथा तात्पर्यों को समझनेका प्रयास करते हों. इस ग्रन्थपर लिखनेका आपका अनुरोध हमारेलिए आपका आदेश ही है. गीतामें अर्जुनने जिस प्रकारसे **''करिष्ये वचनं तव''**का वादा किया, ठीक उसी प्रकार मुझ अल्पज्ञने भी आपके आदेशका अनुपालन करनेका प्रयास किया है. मुझे स्वयंपर पूरा विश्वास नहीं है कि मैं आपके वक्तव्यको सम्यक् रीतिसे समझ सका हूं. प्रस्तुत ग्रन्थमें गीताध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेप प्रस्तुत किया गया है.

भारतीय चेतनाके लिए वाल्मीकिद्वारा विरचित रामायण तथा वेदव्यास द्वारा विरचित महाभारत केवल काव्य नहीं हैं. ये हमारे जीवनमें रचे बसे हैं. ये हमारेलिए केवल रसास्वादकी वस्तु नहीं अपितु पल-पल जीवन जीनेकी कला सिखानेवाले, भटकते हुए लोगोंको मार्ग दिखानेवाले, अनुशासन और आदर्श के मानक हैं. इनमें महाभारतका गुरुत्व कलेवर तथा विषयवस्तु दोनोंकी दृष्टिसे अपने आपमें स्वतः प्रदर्शित है. महाभारतके विषयमें **''भारतं पञ्चमं वेदः''** यह प्रसिद्धि है. इस प्रसिद्धिका रहस्य इस बातमें निहित है कि वेदव्यासके अनुसार आत्मकल्याणका कोई भी ऐसा रहस्य शेष नहीं है जो कि महाभारतमें न हो. इसी कारण व्यासकी प्रतिज्ञा है **''यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्''** जो इस ग्रन्थमें है वही अन्य स्थलोंमें, अन्य ग्रन्थोंमें है, जो यहां नहीं है वह कहींपर भी नहीं है. एक लाख श्लोकोंमें विस्तृत महाभारत

जीवनका कोई भी क्षेत्र, राजनीति, धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र या अर्थशास्त्र शेष नहीं बचता जिस विषयमें मार्गदर्शन न करता हो. महाभारत अपने आपमें एक युद्धगाथा है, परन्तु यह युद्धका महिमामण्डन नहीं है, युद्धके वीरोंका शौर्यगान नहीं है, अपितु उस युद्धकी पृष्ठभूमिमें जीवनके रोजमर्राके प्रश्नोंपर एक गम्भीर विचार है, युद्धकी बिभीषिकाका एक हाहाकार है. इसी कारण युद्ध तथा राजनीति प्रधान इस महाकाव्यका अंगी रस शान्त रस है. महाभारतका सबसे महत्त्वपूर्ण अंश है 'गीता' जिसको कि ईश्वरद्वारा गीत होनेके कारण 'श्रीमद्भगवद्गीता'कहा जाता है. वस्तुतः यह ग्रन्थ महाभारत एक महत्त्वपूर्ण अंशमात्र नहीं बल्कि हिन्दूधर्मका सबसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है. वेदान्तके दर्शनोंका तो यह एक प्रस्थान ही है, जिसपर कि वेदान्त दर्शनोंकी नींव रखी जाती है. श्रीमद्भगवद्गीता अपने अर्थगाम्भीर्य तथा विषयों की गहनताके कारण विद्वानोंके मध्य बहुत ही आदरसे जानी जाती है. श्रीमद्भगवद्गीतापर की गयीं व्याख्याओंकी संख्याको देखकर इस बातका अन्दाजा बहुत ही आसानीसे लगाया जा सकता है कि यह ग्रन्थरत्न किस प्रकारसे विविध आयामोंको समेटे हुए है.

समस्त उपनिषदोंको गायके रूपमें प्रस्तुत करते हुए श्रीमद्भगवद्गीताको उन समस्त गायोंसे प्राप्त दुग्ध बताया गया है. यह उक्ति अत्यन्त प्रसिद्ध है. परन्तु क्या श्रीमद्भगवद्गीता सिर्फ इतना है? गीताकी प्रत्येक अध्यायके अन्तमें आनेवाली पुष्पिकामें कहा जाता है **''श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे.''** यह गीता केवल उपनिषद् नहीं है, यह ब्रह्मविद्या भी है, योगशास्त्र भी है तथा प्रमुखतया श्रीकृष्ण तथा अर्जुन का, नर तथा नारायण का संवाद है. प्रत्येक अध्यायका अपना भी एक नाम है अर्जुनविषादयोग, सांख्ययोग, कर्मयोग, ज्ञानकर्मसंन्यासयोग इत्यादि. गीताको समझनेके लिए ये सभी कुछ न कुछ सूत्र छोड़े गये हैं. इनको हम पकड़ें तो गीताका अभिप्राय समझ सकते हैं.

सचमुचमें श्रीमद्भगवद्गीता हिन्दूधर्मकी तरह ही बहुआयामी है. जिस प्रकार हिन्दूधर्मकी कोई एक सर्वमान्य व्याख्या कर पाना सम्भव नहीं दिखता उसी प्रकारसे श्रीमद्भगवद्गीताकी भी कोई सर्वमान्य व्याख्या सम्भव नहीं दीखती. आचार्य शंकर श्रीमद्भगवद्गीतापर अपने भाष्यके प्रारम्भमें ही भाष्य लिखनेका प्रयोजन बताते हुए कहते हैं कि "**वह यह गीताशास्त्र समस्त वेदार्थका सारसंग्रहरूप है, इस कारण दुर्विज्ञेय है, यद्यपि इसके अभिप्रायका उद्घाटन करनेके लिए अनेक आचार्योंके द्वारा इसके पदोंकी, पदार्थोंकी, वाक्यार्थोंकी तथा इनके अनुग्राहक न्यायोंकी व्याख्या की गयी है परन्तु सामान्य पुरुषोंके द्वारा यह अत्यन्त विरुद्ध अनेक अर्थोंवाले ग्रन्थके रूपमें गृहीत होता है, यह देखकर मैं विवेकसे अर्थका निर्धारण करनेके लिए इसकी संक्षेपमें व्याख्या करूंगा.**"[१] श्रीमद्भगवद्गीताके भाष्यके प्रारम्भमें ही आचार्य शंकरकी यह प्रतिज्ञा इस ग्रन्थके अनेक अर्थ सम्भव हैं, इसका संकेत देती है. निश्चय ही ग्रन्थकी संरचनामें ही कुछ ऐसा है जो कि इस सरलसे प्रतीत होनेवाले ग्रन्थको भी तात्पर्यकी दृष्टिसे अत्यन्तविरुद्ध अर्थोंका प्रतिपादक बना देता है. अन्यथा क्या कारण है कि आचार्य शंकरको इसी ग्रन्थमें ज्ञानयोग, तिलकको कर्मयोग, रामानुजाचार्यको भक्तियोग और इसी प्रकारसे इस ग्रन्थपर व्याख्याओंका प्रणयन करनेवाले अन्य आचार्योंको भी अलग-अलग अर्थ और उपदेश प्राप्त हो जाते हैं. इन सबका बीज ग्रंथमेंही छुपा है. अर्जुन स्वयं ही कहते हैं कि "**हे कृष्ण! एक ओर तो आप मुझे कर्मोंसे संन्यासका उपदेश दे रहे हैं तथा दूसरी ओर कर्मयोगका भी उपदेश दे रहे हैं. ऐसा करिए कि इन दोनोंमें से हमारे लिए जो श्रेय है वह हमको बताइए.**"[२] "**मिली-जुली**

१.तदिदं गीताशास्त्रं समस्तवेदार्थसारसंग्रहभूतं दुर्विज्ञेयार्थं तदर्थाविष्करणायानेकै-र्विवृतपदपदार्थवाक्यार्थन्यायमपि अत्यन्तविरुद्धार्थत्वेन लौकिकैर्गृह्यमाणमुपल-भ्याहं विवेकतोऽर्थनिर्धारणार्थं संक्षेपतो विवरणं करिष्यामि. (भगवद्गीता शांकर-भाष्यउपोद्घात)

सी बातोंके माध्यमसे आप हमारी बुद्धिको मोहित करते हुए प्रतीत हो रहे हैं. इन दोनोंमें से निर्धारण करके हमें बताइए कि श्रेय क्या है? जिससे कि मैं श्रेयको प्राप्त कर सकूं."[३] इस कारण आचार्योंकी समस्या सचमुचमें गम्भीर है. इतनी गम्भीर है कि तात्पर्यनिर्णयके लिए जिन लिंगोंका सुझाव दिया जाता है, उनका विधिवत् संयोजन करनेपर भी सन्देहका निवारण सम्यग्तया नहीं हो पाता. श्रीमद्भगवद्गीताकी व्याख्या करनेवाले समस्त आचार्य अपनी ओरसे यही कोशिष करते हैं कि गीताके निष्कर्षको सुस्पष्टतया बताया जा सके.

तात्पर्यनिर्णयके लिए परम्परामें स्वीकृत उपक्रम व उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद और उपपत्ति इन छह लिंगोंकी बात की जाये तो इससे तो सीधा-सीधा यही निष्कर्ष निकलकर सामने आता है कि इस ग्रन्थका तात्पर्य कर्ममें है. उपक्रमोपसंहारका तात्पर्य है कि प्रकरणके द्वारा प्रतिपाद्य जो अर्थ है उसका प्रकरणके प्रारम्भ तथा अन्त के द्वारा प्रतिपादन करना. श्रीमद्भगवद्गीताकी शरुआत अर्जुनके विषादसे हो रही है, अर्जुनका विषादमूलक निर्णय इसमें निहित है कि "**मैं युद्ध (कर्म) नहीं करुंगा.**" अर्जुनकी इस मनःस्थितिको संजय बहुत ही बेबाकीसे रखते हुए कहता है कि "'**मैं युद्ध नहीं करुंगा', गोविन्दसे ऐसा बोलकर अर्जुन चुप हो गया.**"[४] अर्जुनकी मनःस्थिति यही तो है, वह युद्ध नहीं करना चाहता. युद्धसे पलायन करना चाहता है. श्रीमद्भगवद्गीताकी शरुआत अर्जुनके इसी द्वन्द्वसे होती है. इस द्वन्द्वमें अर्जुन अपना पलायनका मन्तव्य रखता है. उपसंहारमें अर्जुन कहता है कि "**मैं अब सन्देहरहित हो अवस्थित**

२.संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि।
यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम्॥ गीता ५।१
३.व्यामिश्रेणेव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे।
तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम्॥ गीता ३।२

हूं, **आपके वचनका अनुपालन करुंगा.''**[५] श्रीकृष्णका वचन यही है कि **''तुम युद्ध(कर्म) करो.''** समग्र गीतामें बार-बार कृष्ण अर्जुनसे यही कह रहे हैं कि **''हे अर्जुन! तु युद्ध कर.''** इस आशयका जितनी बार आवर्तन इस ग्रन्थमें किया गया है उससे अधिक किसी अन्य बातकी आवृत्ति इस ग्रन्थमें नहीं प्राप्त होती. इस प्रकार द्वितीय तात्पर्यनिर्णायक लिंग अभ्यास भी कर्म करनेके पक्षमें ही जाता है. अपूर्वताका तात्पर्य है प्रकरणप्रतिपाद्य वस्तुका प्रमाणान्तर से अविषयीकरण. जो बात प्रकरणके द्वारा बतायी जा रही है, उसे किसी अन्य प्रमाणके द्वारा न बताया गया हो. यद्यपि सामान्य क्षत्रियकर्तव्यके विधायक शास्त्रोंके द्वारा युद्धका कर्तव्यत्व प्रतिपादित है, परन्तु अपने समक्ष अपने सगे-सम्बन्धियों, गुरुओं-आचार्यों, भाई-बन्धुओं के रहनेपर भी, कुलक्षयका महाभय उपस्थित रहनेपर भी इस प्रकारका धर्मयुद्ध कर्तव्य है, यह किसी अन्य प्रमाणसे प्राप्त नहीं होता. यह बात केवल गीतासे ही प्राप्त होती है. इस कारण इस अंशमें अपूर्वताकी उपपत्ति हो जाती है. प्रकरणके प्रतिपाद्यका जो प्रयोजन है वही फल है. इस फलका वर्णन तो श्रीमद्भगवद्गीतामें बहुधा आया ही है. कृष्ण निष्कर्षके रूपमें अर्जुनसे कहते हैं कि **''अपने अपने कर्म में अभिरत होकर व्यक्ति संसिद्धिको प्राप्त करता है... अपने कर्मसे उसकी पूजा करते हुए व्यक्ति सिद्धिको प्राप्त करता है.''**[६] **इस प्रकारसे फलरूपी तात्पर्यनिर्णायक लिंग भी कर्मके पक्षमें ही जाता है. प्रकरणद्वारा प्रतिपाद्य अर्थकी प्रशंसा ही अर्थवाद है. कृष्ण बारम्बार कर्मकी प्रशंसा करते हुए अर्जुनको कर्मके लिए प्रेरित कर रहे हैं. ''यदि तुम इस युद्धमें वीरगतिको प्राप्त करते हो तो तुम्हें स्वर्गकी प्राप्ति होगी, और यदि**

४.न योत्स्य इति गोविन्दमुक्त्वा तूष्णीं बभूव ह॥ गीता २।९

५.स्थितोऽस्मि गतसन्देहः करिष्ये वचनं तव। गीता १८।७३

६.स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः॥

...स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः॥ गीता १८।४५-४६

तुम विजयी होते हो तो इस पृथिवीका उपभोग करोगे.''[७] यह युद्धकी प्रशंसा ही तो है. इस कारण अर्थवादरूपी भी तात्पर्यनिर्णायक लिंग भी कर्मयोगकी ओर ही संकेत देता है. उपपत्तिका तात्पर्य युक्तिका प्रतिपादन है. कर्मयोगमें भी विविध रीतिसे युक्तिका ही उपपादन किया गया है. इस प्रकार यह ग्रन्थ सीधे-सीधे कर्म करनेका उपदेश देनेवाला ग्रन्थ दिखायी दे रहा है. इसमें कोई सन्देह नहीं शेष बचता. आचार्य शंकर जब इस ग्रन्थपर भाष्य लिखते हैं तो उनके अनुसार इस ग्रन्थका तात्पर्य कर्मयोगमें नहीं है अपितु ज्ञानयोगमें है. वे इस ग्रन्थके समग्र परिप्रेक्ष्यको देखते हैं. उनके अनुसार यह युद्धकी भूमिमें प्रस्तुत एक संवादमात्र नहीं है और न ही कृष्णका अर्जुनके लिए उपदेश केवल एक युद्धमें प्रवृत्त करनेके लिए है. अपितु इस ग्रन्थका सीधा-सीधा प्रयोजन है **''पर निःश्रेयस, कारणसहित संसारका अत्यन्त उपरम.''**[८] इस विषयमें समस्त व्याख्याकारोंकी सहमति है कि इस ग्रन्थका प्रयोजन केवल अर्जुनको युद्धका उपदेश देना नहीं है. सन्देह तो यह भी किया जाता है कि क्या सचमुचमें कृष्ण तथा अर्जुन का संवाद युद्धभूमिमें हुआ भी रहा होगा? क्या सचमुचमें इतनी देर तक युद्धके लिए सेनाऐं शान्तिसे अवस्थित रही होंगी? जो भी हो, विचारके अवसरकी दृष्टिसे इससे अच्छा रंगमंच नहीं हो सकता. यह जीवन भी तो एक युद्ध ही है. हम सभी उस युद्धके पात्र हैं. यह युद्ध केवल अर्जुनका युद्ध नहीं है अपितु हर 'नर'का युद्ध है. परन्तु क्या हम 'नारायण'से अपने विषादको बांटते हैं? क्या हम उससे पूछते हैं कि हमें युद्ध करना चाहिए या नहीं? बहुधा तो हम अपना निर्णय ही उसे बता देते हैं. अर्जुनकी स्थिति है उस स्थितिसे

७.हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्। गीता २।३७

८.तस्यास्य गीताशास्त्रस्य संक्षेपतः प्रयोजनम् - परं निःश्रेयसं संसारस्यात्यन्तोपरमलक्षणम्॥ तच्च सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकादात्मज्ञाननिष्ठारूपाद् धर्माद् भवति। श्रीमद्भगवद्गीता शांकरभाष्य, उपोद्घात

हममें से हर कोई गुजरता है. अनेक बार हमें अपनोंके विरुद्ध युद्धके लिए खड़ा होना पड़ता है और अर्जुनकी तरह हम भाग खड़े होते हैं. अन्योंके साथ युद्ध करते समय हमारे युद्धके नियम अन्य होते हैं, अपनोंके साथ युद्ध करते समय वही नियम बदल जाते हैं. करुणा अन्यों पर नहीं आती, अन्योंके प्रति हमारा आचरण अहिंसाका नहीं होता, परन्तु अपनोंकी बात आने पर हमारी करुणा तथा अहिंसाका उदय हो जाता है. वस्तुतः अहंता, ममता आदि का उदय हमारे विवेकका क्षय कर देता है. अर्जुनकी यही समस्या है. किन्तु यह समस्या केवल अर्जुनकी नहीं है, समस्त मानवोंकी यही समस्या है.

श्रीमद्भगवद्गीताके अभिप्रायके निर्धारण करनेका उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है यदि हम सनातन धर्मकी प्रवृत्ति तथा विकास को समझ ले. आचार्य शंकर स्पष्टतया तथा सही तरीकेसे इसे रेखांकित करते हैं कि **''जगत्की स्थितिका कारण वेदोक्त धर्म द्विविध है प्रवृत्तिलक्षण तथा निवृत्तिलक्षण.''**[९] सनातन धर्मके मूलमें ही ये दो धाराऐं हैं. इन दोनों धाराओंका उत्स प्रेय तथा श्रेय के विकल्पके रूपमें उभरकर सामने आता है. जिसकी चर्चा कठोपनिषद्के यमनचिकेतासंवादमें तथा अन्य उपनिषदोंमें भी विस्तारसे प्राप्त होती है. गीतामें भी इन दोनों ही धाराओंका समन्वय करनेकी प्रवृत्ति दिखती है. यद्यपि उपनिषदोंमें **''यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः''** इत्यादि श्रुतिवाक्योंमें भक्तिके बीज दिखते तो हैं, परन्तु उनको क्या उपनिषदोंकी प्रधान धारा माना जाये इसमें सन्देहकी भरपूर गुंजाइश है. परन्तु गीता तक आते-आते हमें भक्तिकी ओर भी रुझान दिखायी देती है. आचार्य शंकरने श्रीमद्भगवद्गीताके तीन प्रतिपाद्य माने जाते हैं कर्मयोग, ज्ञानयोग तथा भक्तियोग. प्रथम छह अध्यायोंमें कर्मका प्राधान्य है, द्वितीय छह अध्यायोंमें भक्तिका

९.द्विविधो हि वेदोक्तो धर्मः - प्रवृत्तिलक्षणो निवृत्तिलक्षणश्च जगतः स्थितिकारणम्। वहीं

प्राधान्य है तथा अन्तिम छह अध्यायोंमें ज्ञानका प्राधान्य है. तेरहवें अध्यायपर व्याख्या लिखना प्रारम्भ करते हुए आनन्दगिरि कहते हैं कि **''प्रथम तथा मध्यम छह अध्यायोंके द्वारा तत् तथा त्वं पदकी निरुक्ति कर दी गयी, अब अन्तिम छह अध्यायोंको वाक्यार्थज्ञान प्रतिपादन करनेके लिए प्रारम्भ किया जा रहा है.''**[१०] वस्तुतः अद्वैतवेदान्तमें चरम उपदेशवाक्य **''तत्त्वमसि''** है तथा चरम अनुभववाक्य **''अहं ब्रह्मास्मि''** है. समस्त वेदान्तोंके द्वारा इनका ही प्रतिपादन किया जाता है. सचमुचमें **''तत्त्वमसि''** समस्त वेदान्तोंका सार है. इसी कारण शमदमादिसे सम्पन्न नितान्त निर्मलस्वान्त साधनचतुष्टय सम्पन्न प्रमाताको जब ब्रह्मनिष्ठ आचार्यके द्वारा **''तत्त्वमसि''** यह उपदेश किया जाता है तो उसकी परिणति **''अहं ब्रह्मास्मि''** इस अनुभवमें होती है. इसीलिए आचार्य शंकरका समग्र प्रयास इसी दिशामें है कि किस प्रकारसे श्रीमद्भगवद्गीताके द्वारा **''तत्त्वमसि''**का प्रतिपादन किये जानेका व्यवस्थापन किया जाये. कर्मयोग तथा भक्तियोग दोनों ही चित्तशुद्धिके साधन हैं. चित्तके शुद्ध हो जानेपर स्वयं ही ज्ञानका उदय हो जाता है. परन्तु जब तक चित्तकी शुद्धि नहीं हुई है, तब तक कर्म तथा भक्ति दोनोंका ही अवकाश है. चित्त शुद्ध हो जानेके उपरान्त, ज्ञान की प्राप्ति हो जानेके उपरान्त, **''अहं ब्रह्मास्मि''** ऐसा अनुभव हो जानेके बाद तो कोई भी कर्म या कोई भी उपासना कर्तव्य शेष नहीं रह जाती. उसका कर्म कर्माभासमें बदल जाता है, इसी कारण उसके लिए गीतामें कहा गया है कि **''नैव किञ्चित् करोति**

१०.प्रथममध्यमयोः षट्कयोः तत्त्वम्पदार्थावुक्तौ। अन्तिमस्तु षट्को वाक्यार्थनिष्ठः सम्यग्धीप्रधानोऽधुनाऽऽरभ्यते। गीता १३।१ शांकरभाष्य पर आनन्दगिरि व्याख्या

काण्डत्रयात्मकं शास्त्रं पदवाक्यार्थगोचरम्।
आदिमध्यान्तषट्केषु व्याख्याया गोचरीकृतम्॥ गीताके अन्तिम श्लोक पर आनन्दगिरिकृत व्याख्या.

सः.'' ऐसा व्यक्ति वस्तुतः कुछ भी नहीं करता. इस प्रकार आचार्य शंकरके द्वारा गीताका तात्पर्य प्रधानरूपसे ज्ञानमें निर्धारित किया जाता है. श्रीमद्भगवद्गीताकी अद्वैतसे भिन्न मतानुसारी व्याख्याओंमें प्रायशः भक्तिका ही प्राधान्य दिखता है, कुछेक में ही कर्मयोगका भी प्राधान्य है. रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य आदि के अनुयायी विद्वानोंके द्वारा जो भी व्याख्याऐं लिखित हैं, उनमें भी भक्तिका ही प्राधान्य दृष्टिमें आता है. आचार्य शंकरका अभिमत सभीके लिए प्रबल पूर्वपक्षके रूपमें प्रस्तुत होता है. श्रद्धेय गोस्वामी श्याममनोहरजीद्वारा लिखित गीताध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेप भी इसका अपवाद नहीं है. शुद्धाद्वैतवादके लिए रामानुजका विशिष्टाद्वैत प्रायशः समानतन्त्र ही है तथा समस्त वैष्णव सम्प्रदायोंकी दृष्टि इस ग्रन्थको लेकर यही है कि श्रीमद्भगवद्गीताके द्वारा मुख्यतः भक्तियोगका प्रतिपादन किया गया है. इस कारण उनके द्वारा शुद्धाद्वैतमतका पूर्वपक्ष किसी भी प्रकारसे प्रस्तुत नहीं किया जा सकता.

गोस्वामी श्याममनोहरजीके मन्तव्यसे मतभेद अगर हो भी, जैसा कि मेरा मतभेद है फिर भी इस बातसे असहमति नहीं हो सकती है कि उनका यह प्रयास श्रीमद्भगवद्गीताके रहस्यको समझनेका एक सशक्त तथा ईमानदार प्रयास है. आपकी दृष्टि भक्तिप्रधान है. आपके अनुसार श्रीमद्भगवद्गीताका चरम तात्पर्य ज्ञानमें नहीं है. वस्तुतः तो उपनिषदोंका तात्पर्य भी आपके अनुसार भक्तिमें ही है, ज्ञानमें नहीं. अपनी इस स्थापनाका समर्थन करनेके लिए आपने अत्यन्त गम्भीरतासे गीताका अध्ययन किया है तथा विभिन्न व्याख्याओं तथा अभिप्रायों से आप अवगत हैं. श्रद्धेय गोस्वामी श्याममनोहरजीने श्रीमद्भगवद्गीता के विभिन्न स्तरोंको खोलनेका प्रयास किया है. उनकी युक्तियां विविध स्थलोंपर इतनी प्रौढ़ हैं कि उनसे असहमत होना मुश्किल दिखता है. परन्तु उनके कुछ निष्कर्ष निश्चित ही उनकी साम्प्रदायिक वासना, श्रद्धा तथा विश्वास पर आधारित हैं.

गोस्वामी श्याममनोहरजीने एक कार्य जो बहुत ही महत्त्वपूर्ण किया है वह यह है कि श्रीमद्भगवद्गीताकी जो विषयवस्तु है, वह किस प्रकारसे आ रही है, किस प्रकारसे प्रस्तुत हो रही है, किस अध्यायमें कितने श्लोकोंमें अर्जुनके द्वारा प्रश्न पूछे जा रहे हैं, क्या प्रश्न पूछे जा रहे हैं? कृष्णके द्वारा क्या उत्तर दिया गया है, किस श्लोकोंमें कितने श्लोकोंमें उत्तर दिया गया है, इन सभी विषयोंका संग्रह किया है. वे इस ग्रन्थमें तीन संवादोंको प्रदर्शित करते हैं. इन तीनों ही संवादोंका शास्त्रत्व है क्योंकि ''**शासनात् शास्त्रम्**'', ये तीनों ही संवाद अनुशासनार्थ ही हैं. इन तीन संवादोंके क्रममें इस शास्त्रके चार भेद हैं. प्रथम छह अध्याय सूत्ररूपमें प्रतिपादित हैं. द्वितीय छह अध्याय वृत्तिके रूपमें हैं तथा अन्तिम छह अध्यायोंमें पांच अध्याय भाष्यके रूपमें प्रस्तावित हैं. अन्तिम अध्याय वार्तिकके रूपमें प्रस्तावित है. यह गोस्वामी श्याममनोहरजीकी इस ग्रन्थको समझनेके लिए अपनी स्थापना है तथा अपनी एक विलक्षण पद्धति है. इस पद्धतिका अवलम्बन करते हुए इस गीताशास्त्रके तात्पर्यनिर्णयका कार्य सरल हो जाता है, ऐसी उनकी मान्यता है. इस स्थापनाका मूल सुस्पष्टतया किसी अन्य आचार्यके विचारसे प्राप्त हुआ हो ऐसा लगता नहीं. यह एक अनूठी ही ग्रन्थयोजना दिखती है, जो कि गोस्वामी श्याममनोहरजीके विचारशील मस्तिष्ककी देन है. इस ग्रन्थयोजनाके माध्यमसे कुछ विषयोंका स्पष्टीकरण सचमुचमें बहुत ही अच्छी तरहसे कर पाना सम्भव हो जाता है.

प्रथम संवाद संजय तथा धृतराष्ट्र के मध्य है जहांपर धृतराष्ट्र अन्धे हैं परन्तु व्यासके प्रसादसे संजयको प्राप्त दिव्यदृष्टिसे ज्ञात युद्धवार्ताको जानते हैं. द्वितीय संवाद कृष्ण तथा अर्जुन के मध्य है. यह संवाद युद्धके औचित्य तथा अनौचित्य के विषयमें मित्रभावसे प्रश्न-प्रतिप्रश्नके क्रमसे वार्तालाप है. परन्तु यह ध्येय है कि कृष्ण सारथीके रूपमें तथा अर्जुन रथीके रूपमें उपस्थित हैं, यह बिम्ब इस ओर संकेत

देता है कि इन दोनोंके मध्य अन्तर्यामी तथा जीवका सम्बन्ध है. एक विषादसे उद्धारक है तो दूसरा मोहसे ग्रस्त. यदि इस संवादको देखें तो यह संवाद युद्धभूमिमें घटित केवल एक सामान्य संवादके रूपमें ही उपस्थित होता है. परन्तु यह उपदेश नारायणके द्वारा नरको दिया हुआ उपदेश है. इसकी सार्थकता केवल अर्जुनके लिए नहीं है अपितु समग्र मानवजातिके लिए है. यदि केवल अर्जुनके लिए इस संवादकी सार्थकता हो तो वह मूल्यहीन हो जायेगा. गोस्वामी श्याममनोहरजी इस ग्रन्थमें एक तीसरा संवाद भी खोज लेते हैं जिसमें औपनिषद् ब्रह्मविद्याका निवेश है, जिसमें कि मित्र अर्जुन शिष्यभावसे कृष्णके समीप उपसन्न है. अर्जुनद्वारा शिष्यभावसे कृष्णके समीप उपसन्न होनेके कारण ही यह गीताशास्त्र उपनिषद् है, तथा इसी कारण यह ब्रह्मविद्या भी है. इस शास्त्रको योग कहनेका आशय यह है कि यह शास्त्र ईश्वरसंयोगकी ओर प्रवृत्त करता है. इस प्रकार कृष्ण तथा अर्जुन के मध्य संवाद केवल एक भूमिकापर नहीं है, केवल सारथी तथा रथी के मध्य, दो मित्रोंके मध्य युद्धके औचित्य तथा अनौचित्य के विषयमें ही यह संवाद नहीं है. अपितु उस संवादका एक गहन स्तर, एक उच्चतर स्तर भी है. वही उच्चतर स्तर वस्तुतः गीताका मुख्य वक्तव्य है, मुख्य कथ्य है. भगवत्पाद आचार्य शंकरकी तरह गोस्वामी श्याममनोहरजी श्रीमद्भगवद्गीताका तात्पर्य मोक्षप्राप्तिमें कर्म, भक्ति तथा ज्ञान में उत्तरोत्तरत्वको नहीं स्वीकार करते हैं. आचार्य शंकरके अनुसार "**ज्ञानादेव हि कैवल्यम्.**" ज्ञानसे ही मोक्षकी प्राप्ति होती है. यद्यपि विवेकचूडामणि आदि ग्रन्थोंमें वे स्पष्टतया "**मोक्षसाधनसामग्र्यां भक्तिरेव गरीयसी**" मोक्षके साधनकी सामग्रीमें भक्ति ही श्रेष्ठ है, ऐसा बताते हैं. परन्तु उनकी भक्तिकी अवधारणा वस्तुतः भक्तिकी अवधारणा नहीं है. क्योंकि वे अनुपद ही "**स्वस्वरूपानुसन्धानं भक्तिरित्यभिधीयते**" अपने स्वरूपका अनुसन्धान करना ही भक्ति है, ऐसा बताते हुए भक्ति तथा ज्ञान के मध्यके भेदको विलीन कर देते हैं. भक्ति मोक्षके प्रति साक्षात् साधन नहीं होती, बल्कि ज्ञानजनिका होनेके

कारण ही साधन बनती है. इस कारण आचार्य शंकर परम पुरुषार्थकी अवाप्तिमें ज्ञानका ही प्राधान्य स्वीकारते हैं. उसी रीतिसे गीताकी व्याख्या उन्होंने तथा उनके अनुयायी आचार्योंने की है. गोस्वामी श्याममनोहरजीके अनुसार (प्रस्तुत शास्त्रान्तर्गत उपनिषत्सारांशरूप) समग्र गीताका तात्पर्य भक्तिमें ही है. इसके लिए उन्होंने अनेक युक्तियां भी प्रस्तावित की हैं. केवल मध्यम षट्क (मध्य के छह अध्यायों) में ही भक्तिका प्रतिपादन है, ऐसा आचार्य शंकरके अनुयायी मानते हैं. परन्तु गोस्वामी श्याममनोहरजीके अनुसार कण्ठतः पूरी गीतामें भक्तिका प्राधान्य दिखता है. प्रथम षट्कमें भक्तिका प्रतिपादन करते हुए श्रीकृष्णका स्पष्ट वचन है - "**सभी भूतोंमें अवस्थित मुझको जो एकत्वभावनासे भजता है, वह योगी सर्वथा रहता हुआ भी मुझमें ही अवस्थित है.**"[११] द्वितीय षट्कमें भक्तियोगका प्रतिपादन तो सबको ही स्वीकार्य है. परन्तु अन्तिम षट्कमें भी भक्तिका प्रतिपादन किया ही गया है. जब कृष्ण कहते हैं कि "**जो अव्यभिचरित भक्तियोगसे मेरी सेवा करता है वह तीनों ही गुणों, सत्त्व, रजस् तथा तमस् को अतिक्रान्त कर ब्रह्मरूप हो जाता है.**"[१२] इस कारण आचार्य शंकरके अनुयायियोंका यह अभिमत कि "**केवल मध्यषट्कमें ही भक्तियोगका प्राधान्य है, गीताके वचनोंसे सिद्ध नहीं होता. इस कारण वस्तुतः इन तीन षट्कोंमें गीताका विभाग भी युक्तिसंगत नहीं है.**"[१३] इसी प्रकार यह दावा भी वस्तुतः सन्देहके घेरेमें आता है कि "**गीताके द्वारा युद्ध करनेका उपदेश नहीं दिया जा रहा है क्योंकि यही तो गीताका प्रधान उपदेश है, बहुत बार गीतामें इसका विधान किया गया है अतः इसका खण्डन नहीं किया**

११.सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः।
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते॥ गीता ६।३१ प्रस्तुत ग्रन्थमें पृ.३ पर उद्धृत

१२.मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते।
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते॥ गीता १४।२६ वहीं पर उद्धृत

जा सकता है.''[१४] समकालीन चिन्तकों तथा आधुनिक विद्वानोंके द्वारा गीतापर सबसे तीखा आरोप यही लगाया जाता है कि गीता युद्धका उपदेश देती है और कोई भी ग्रन्थ, जो कि युद्धकी वकालत कर रहा हो, उसका सम्मान नहीं किया जाना चाहिए. गोस्वामी श्याममनोहरजी इस आरोपको स्वयं भी सत्यापित कर रहे हैं. परन्तु यह युद्धका उपदेश रथी तथा सारथी के मध्यके संवाद तक ही सीमित है. उससे उच्चतर तथा गहनतर उपदेश भक्तिका उपदेश है. वस्तुतः तो स्वभावतः प्राप्त युद्धसे बचनेके लिए अर्जुनका प्रयास अहिंसाकी भावनासे प्रेरित होकर है भी नहीं, वह तो अपनी अकर्मण्यतासे प्रेरित है. यदि अर्जुन अहिंसाकी भावनासे प्रेरित होता तो उसके लिए युद्धका उपदेश करना विसंगत हो सकता था. परन्तु ध्येय यह है कि अर्जुनका यह प्रथम युद्ध नहीं है, इसके पूर्व भी वह अनेक युद्ध कर चुका है. कभी भी उसके मनमें करुणाका उदय नहीं होता है. परन्तु जब उसके समक्ष उसके सगे सम्बन्धी हैं, तो वह युद्धसे पलायन करना चाह रहा है. यह करुणा या अहिंसा नहीं है, अपने कर्तव्यसे विमुखता है, कायरता है. इसी कारण तो कृष्णका उपदेश अर्जुनको ललकारनेसे प्रारम्भ होता है- **''क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत् त्वय्युपपद्यते''**[१५] हे पार्थ! नपुंसक मत बनो, यह तुम्हारे स्वभावके अनुकूल नहीं है. वही कृष्ण सोलहवें अध्यायमें अहिंसाको दैवी सम्पत्तिमें परिगणित करते हैं.[१६] वस्तुतः अर्जुनका पलायन अहिंसाके कारण नहीं है, वह तो मानसिक कमजोरीकी वजहसे कायरताकी ओर बढ़ रहा है. इसी बातको गोस्वामी श्याममनोहरजी बड़ी ही शिद्दतसे महसूस करते हैं कि अर्जुनके लिए युद्ध ठीक उसी प्रकारसे कर्तव्य है, जैसे कोई व्यक्ति दुराचारमें

१३.केवले मध्यषट्केऽतो भक्तियोगप्रधानता।
न गीतावचनात् सिद्धा षट्कत्रयमतिर्मुधा।। पृ.३ प्रस्तुत ग्रन्थ १।३०
१४.अन्यैस्तु गीताशास्त्रस्य युद्धकर्मोपदेशिता।
प्रधाना चानिराकार्या बहुशो वै विधानतः।। पृ.३ प्रस्तुत ग्रन्थ १।३१
१५.गीता २।३

रत हो तो उसको सदाचारमें लगाया जाये. उद्देश्य तो वस्तुतः इन दोनोंसे ही परे जाना है. इसी कारण तो कर्मकी अपेक्षा ज्ञान तथा भक्ति दोनोंका ही प्राधान्य बताया गया है. इस प्रकार न तो आचार्य शंकर और न ही किसी अन्य शास्त्रीय व्याख्याकारके अनुसार कर्मका प्राधान्य है. कर्मकी अपेक्षा ज्ञानके प्राधान्यमें तो सीधे-सीधे गीतावचन ही प्राप्त होता है. गीतामें श्रीकृष्णका वचन है कि **''सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते''** हे पार्थ! समस्त कर्म ज्ञान में परिसमाप्त हो जाते हैं. श्रीकृष्णका एक दूसरा वचन है कि **''न मे भक्तः प्रणश्यति''** हमारे भक्तका प्रणाश नहीं होता. इन दोनों ही कथनोंको परस्पर संगतिमें प्रस्तावित करते हुए गोस्वामी श्याममनोहरजी निष्कर्ष निकालते हैं कि ज्ञान तथा भक्ति का कर्मकी अपेक्षा प्राधान्य है.[१७] इस कारण कर्मका प्राधान्य तो किसी भी तरहसे उपनिषत्सारूप गीतांशमें सम्भव नहीं है.

इस कारण चार विकल्प सम्भाव्य हैं ज्ञानका प्राधान्य हो, भक्तिका प्राधान्य हो, कर्म, ज्ञान तथा भक्ति का समुच्चय हो अथवा इनका वैकल्पिकत्व हो. परन्तु यदि समुच्चय होता तो गीताका यह वचन नहीं होना चाहिए था कि **''श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाद् ज्ञानाद् ध्यानं विशिष्यते. ध्यानात् कर्मफलत्यागः''** अभ्यासकी अपेक्षा ज्ञानकी अपेक्षा

१६.गीता १६।२
१७.युद्धादिकर्मत्यागात्तु स्वकर्मपरिभ्रष्टता।
दुराचाररतो भक्तो युद्धार्थो यदि कल्पते।।
गतं तत्कर्मप्राधान्यं भक्तिप्रमुखतोक्तितः।
सुस्पष्टं कर्मतः श्रेष्ठ्यं ज्ञानभक्त्योस्तु स्वीकृतम्।।
ज्ञाने परिसमाप्तिश्च कर्मणश्चोदिता यतः।
कर्माभावेऽपि भक्तस्याविनाशोऽङ्गीकृतेः पुनः।। पृ.४ प्रथमाध्यायसंक्षेपः श्लोक ३६-३८

ध्यान तथा ध्यानकी अपेक्षा कर्मफलका त्याग विशिष्ट है.[१८] इसी प्रकारसे वैकल्पिकत्वका पक्ष भी स्वीकार्य नहीं हो सकता क्योंकि यदि कर्म, ज्ञान तथा भक्ति का वैकल्पिकत्व होता तो कर्मोंका ब्रह्ममें आधान करने का कोई भी प्रयोजन नहीं दिखता.[१९]

गीतामें जिस प्रकारसे विचारोंका समन्वय या वैचित्र्य है उसके आधारपर यह भी कहा जा सकता है कि किसी न किसी श्लोकके अभिप्रायको संज्ञानमें लेकर समुच्चय या विकल्प केलिए भी समर्थन जुटाये जा सकते हैं. परन्तु भक्तिमें गीताके तात्पर्यका निर्धारण करनेमें जितने सटीक तर्क प्राप्त हो सकते हैं, उतने अन्य विषयोंमें नहीं प्राप्त हो सकते. गोस्वामी श्याममनोहरजीके अनुसार वस्तुतः तो युद्धके लिए उद्यत पार्थके लिए युद्धका ही उपदेश किया जा रहा है. न तो ज्ञानका और न ही भक्तिका. परन्तु जहांपर कृष्ण गुरुके रूपमें उपस्थित हैं और कृष्ण शिष्यके रूपमें वहांपर युद्धाज्ञाकी प्रधानता नहीं है किन्तु वहांपर स्पष्टतया भक्तिका ही प्राधान्य है.[२०] यदि पूरीकी पूरी श्रीमद्भगवद्गीताके बजाय तत्तद् अध्यायोंपर दृष्टि डाली जाये तो हर एक अध्यायका तात्पर्य वस्तुतः न तो भक्ति न कर्म न ज्ञान में होकर जीवेश्वरके संयोगकारक विभिन्न योगोंमें ही है. हर अध्यायकी पुष्पिकामें प्राप्त होनेवाला 'योग'पद भी वस्तुतः इसीका प्रदर्शन कर रहा है. आत्मप्रयत्नके सापेक्ष विशिष्ट जो मनोगति है

१८.गीता १८।६६ उद्धृत प्रथमाध्यायसंक्षेपः पृ.४ श्लोक ४१-४२

१९.विकल्पपक्षे कर्माणि संगं त्यक्त्वा करोति यः।
ब्रह्मण्याधाय तान्येवं न स पापेन लिप्यते॥ प्रथमाध्यायसंक्षेपः पृ.५ श्लोक ४४-४५

२०.तस्मात् पार्थाय युद्धोपदेशस्यात्र प्रधानता।
ब्रह्मविद्यासु भक्तेर्हि प्राधान्यमपि कण्ठतः॥ प्रथमाध्यायसंक्षेपः पृ.५ श्लोक ५१

उसका संयोग ही योग है. ऐसा श्रीमद्भागवतमें बताया गया है.[२१] इस दृष्टिकोणसे समस्त अध्यायोंकी भक्तिमें योजना होनेके कारण गीताके प्रत्येक अध्यायके अन्तमें पुष्पिकामें इसी बातका संकेत किया गया है. इसी कारण इस गीताशास्त्रको योगशास्त्र भी कहा जा रहा है.[२२] वस्तुतः तो अर्जुनविषाद भी इसी कारण योग बन जाता है क्योंकि उसी विषादके कारण अर्जुनका ईश्वरसे संयोग सम्भव हो रहा है. श्रीमद्भगवद्गीतामें ही श्रीकृष्णने स्वयं बताया है कि **"चार प्रकारके पुरुष हमारा भजन करते हैं आर्त, जिज्ञासु, धनकी कामना करनेवाला और ज्ञानी."**[२३] अर्जुन विषादको प्राप्तकर आर्तके रूपमें उपस्थित है. सांख्ययोग, कर्मयोग, कर्मसंन्यासयोग, ज्ञानविज्ञानयोग इत्यादि सभीकी ही भक्तिमें परिणति दिखलाना सरलतया सम्भव है. यह भक्ति माहात्म्यज्ञानपूर्वक उसी परमात्माकी आत्मरति है.[२४] ईश्वर भक्तिके द्वारा ही गम्य नहीं है यद्यपि भक्ति तो उसके अनुग्रहसे ही प्राप्त होती है.[२५] उदाहरणोंको दृष्टिगत रखते हुए भक्तिके मुख्यतया दो प्रकार कहे जा सकते हैं मार्जारी-भक्ति तथा मर्कट-भक्ति. मार्जारी भक्ति यह नाम बिल्लीके उदाहरणपर दिया गया है. बिल्लीका बच्चा

२१.आत्मप्रयत्नसापेक्षा विशिष्टा या मनोगतिः।
तस्य चेश्वरसंयोगो योग इत्यभिधीयते॥ विष्णुपुराण ६।७।३१ प्रस्तुत ग्रन्थ में उद्धृत, पृ.२

२२.स चैष योगशब्दार्थः सर्वाध्यायैर्विवक्षितः॥ द्वितीयाध्यायसंक्षेपः पृ.११ श्लोक २५

२३.चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च पुरुषर्षभ॥ गीता ७।१६

२४.भक्तिस्तस्यैवात्मरतिः माहात्म्यज्ञानपूर्विका। चतुर्थाध्यायसंक्षेपः पृ.२४ श्लोक ५९

२५.भक्त्येकगम्यो भगवान् भक्तिश्च तदनुग्रहात्। सप्तमाध्यायसंक्षेपः पृ.३४ श्लोक १

स्वयं कुछ नहीं करता, अपनी माताके शरणमें खुदको छोड़ देता है. बिल्ली उसका ध्यान स्वयं रखती है. इसके विपरीत बन्दरका बच्चा अपने आपको अपनी माताके सहारे छोड़ता नहीं है, उसको स्वयं पकड़कर रखता है. बन्दरका बच्चा जिस प्रकारसे अपनी माताको पकड़कर रखता है उस प्रकारसे ईश्वरको पकड़कर रखना मर्कट-भक्ति है. बिल्लीके बच्चेकी तरह स्वयंको ईश्वरके शरणमें अर्पित कर देना, जो कुछ भी ईश्वरद्वारा प्रदत्त है प्रसन्नतासे उसको प्रसादके रूपमें स्वीकार कर लेना मार्जारी-भक्ति है. यद्यपि अनेकत्र मर्कटन्यायसे प्रपत्तिका उपपादन किया गया है परन्तु अर्जुनको मार्जारीन्यायसे भक्तिका उपदेश कृष्णके द्वारा किया गया है. भक्तोंमें ज्ञानीकी श्रेष्ठता बताते हुए श्रीकृष्णने इस बातको भी स्पष्टसा कर दिया है कि वस्तुतः भक्त तथा ज्ञानी में कोई बहुत अन्तर नहीं है. दोनोंमें केवल प्रक्रियागत ही अन्तर है. इसी कारण आचार्य शंकरका मत वल्लभके मतसे कहीं बहुत दूर जाता हुआ नहीं दिखता सिवाय क्रमान्तरके, कि शांकरी प्रक्रिया भक्तिसे ज्ञानकी है और वाल्लभी प्रक्रिया भगवानके जीव-ब्रह्मके तादात्म्यरूप परोक्ष महात्म्यज्ञानसे उभय तादात्म्यकी स्नेहात्मिका अनुभूतिमें पर्यवसित होती है.

प्रसंगतः यथावसर ग्रन्थकारने विविध स्थलोंपर अनेक विषयोंका युक्तिपुरस्सर प्रतिपादन किया है. जिसमें कर्मत्यागकी असम्भाव्यता, शुद्धाद्वैतका स्वरूप, जीव तथा ईश्वर का स्वरूप, नवधाभक्ति, भक्तिका स्वरूप तथा उसके उपाय इत्यादि शुद्धाद्वैतके विविध महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तोंका स्पष्टीकरण किया गया है.

गोस्वामी श्याममनोहरजीद्वारा कृत गीताप्रतिपाद्यसंक्षेपकी दृष्टिसे साररूपमें गीताके अभिप्रायका संग्रह इस प्रकारसे किया जा सकता है. प्रथमाध्यायमें अर्जुनका विषाद प्रतिपादित है. इस अध्यायका नाम अर्जुनविषादयोग है.

द्वितीय अध्यायमें घोर युद्धरूपी कर्मसे संशय है, तथा कृष्णके द्वारा अर्जुनके पूर्वपक्षका समाधान दिया गया है. युद्धकर्मका दुष्टत्व चार प्रकारोंसे होता है युद्धक्रियाका स्वरूप भी दोषयुक्त है, वध तथा वध्य के स्वरूपके विचारसे दुष्टता आती है तथा धर्म्य युद्धमें भी अधर्मसे युद्ध करनेसे भी दुष्टता है. परन्तु देह तथा देहियों का मरणशीलत्व कृत्रिम होनेके कारण युद्धक्रियाकी दुष्टताका विचार व्यर्थ है. कर्तृत्व तथा अहंकृति का त्याग, कर्मके फलका त्याग तथा यह हमारा कर्तव्य है इस प्रकारकी भावना पापकी निवारिका है. अतः विषाद या वैराग्य व्यर्थ है, इस प्रकारसे कृष्ण अर्जुनको उपदेश देते हैं.

तृतीयाध्यायका नाम कर्मयोग है. काल, कर्म, स्वभाव, प्रधान तथा पुरुष इस पंचात्मक अक्षरधाममें पुरषोत्तम विराजमान हैं. काल चेष्टा है उसका कार्य अनाकस्मिकका वारक है. उस चेष्टासे उत्पन्न क्रिया जीवमें शुभाशुभ फल प्रदान करती है. उसकी सामर्थ्यसे शरणागत जीवको ईश्वरसे योजित करना ही यह कर्मयोग है. इस अध्यायमें कर्मत्यागकी असम्भाव्यताको युक्तिपुरस्सर प्रस्तावित किया गया है. प्रकृतिके गुणसंयोगसे कर्तृत्व त्रिगुणात्मक है, रजोगुणके उपप्लवसे काम और कामसे पुनः गुणोंकी वृद्धि होती है. यह प्राकृत लीला ऐसा मानते हुए इस बातको ध्यानमें रखते हुए जीव विमुक्त हो जाता है.

चतुर्थाध्यायमें ज्ञान तथा काम के नित्यवैरी होनेके कारण ज्ञानका नाश कामसे न हो जाये, इस कारण ज्ञानके उपदेशके लिए इस अध्यायका उपक्रम किया गया है. ब्रह्मके अद्वितीयात्मक होनेके कारण ज्ञान तथा काम दोनोंका विषय वस्तुतः एक ही है. जीवोंमें वही आत्मरति अपनेसे भिन्न विषयोंसे उत्पन्न कामरूपा, दुःखरूपा तथा सच्चिदाच्छादिका है. ब्रह्मैक्याग्निमें द्वैतबुद्धिकी आहुति देते हुए सदा आत्मरति होनेसे सर्वशुद्धिविधायक ज्ञानयज्ञसे इस कामका नाश हो जाता

है. यह ज्ञानकर्मसंन्यासयोग है.

पंचम अध्यायमें कर्मसंन्यासकी अपेक्षा कर्मयोगकी महत्ता बतायी गयी है क्योंकि योगानुष्ठित कर्मवाले व्यक्ति जिसके संशय क्षीण हो चुके हैं ऐसे आत्मवान्को कर्म बांधते नहीं है. भेदबुद्धिसे रहित होकर भोग्य तथा अभोग्य में, कार्य तथा अकार्य में, करण तथा त्याग में, प्रियाप्रिय में, हर्ष तथा शोक में समत्वबुद्धिसे कर्मयोगमें रत व्यक्तिके लिए कर्म किसी भी प्रकारसे बन्धनकारी नहीं होते इसका प्रतिपादन है.

षष्ठ अध्याय आत्मसंयम योग है. इसमें मनका निग्रह किस प्रकारसे किया जाये यह मूलभूत प्रश्न है तथा युक्ताहारविहार रखते हुए, युक्त चेष्टा करते हुए वैराग्य तथा अभ्यास से उसका निग्रह करना सम्भव है यह समाधान प्रस्तुत है. गोस्वामी श्याममनोहरजीकी दृष्टिसे प्रथमाध्यायसे लेकर षष्ठ अध्याय पर्यन्त गीता सूत्रात्मिका है. इसका निहितार्थ यह है कि सूत्ररूपमें समस्त विषयोंका वर्णन यहांपर कर दिया गया है.

सप्तम अध्यायसे बारहवें अध्याय तक गीता वृत्तिरूपी है. इस सप्तम अध्यायका नाम ज्ञानविज्ञानयोग है. इसमें प्रधानतया ब्रह्मका त्रिविध स्वरूप बताया गया है. ब्रह्मस्वरूपका परिज्ञान भक्तिके लिए उपकारक होता है.

अष्टम अध्याय अक्षरब्रह्मयोग है. इस अध्यायमें आध्यात्मिक, आधिदैविक तथा आधिभौतिक त्रिविध स्तरोंपर अक्षरब्रह्मके स्वरूपका प्रतिपादन किया गया है. भगवान्के माहात्म्यका बोध भक्तिके लिए परम उपकारक है.

नवम अध्याय राजविद्या राजगुह्ययोग है. इसमें आत्मरत्यंशरूपा भक्तिमें राजगुह्यतया सन्देह आदि शक्य नहीं है, इसका प्रतिपादन किया गया है. अन्तिम श्लोकके द्वारा ईश्वरमना, ईश्वरभक्त, ईश्वरयाजी, ईश्वरप्रणामी तथा ईश्वरपरायण होनेसे व्यक्ति ईश्वरको प्राप्त कर लेता है, इस प्रकारसे भक्तिका सार बताया गया है.

दशम अध्याय विभूतियोग है. इस अध्यायमें भगवान्की विभूतियोंका वर्णन किया गया है. श्रीकृष्णका उद्घोष है कि "**यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा. तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंशसम्भवम्.**" जो कुछ भी विभूतमान सत्त्व या श्रीमान् सत्त्व है वह सब कुछ ईश्वरके अंशसे ही समुत्पन्न है, यह अवगति भक्तिके चरम आयामका उद्घाटन करती है.

एकादश अध्याय विश्वरूपदर्शनयोग है. इसमें कृष्ण अर्जुनको अपने विश्वरूपका दर्शन कराते हैं. यह विश्वरूपदर्शन भी भगवान्के माहात्म्यका ख्यापन करनेके कारण भक्तिके लिए परम प्रेरक तथा उपयोगी है.

द्वादश अध्याय भक्तिकी महिमा तथा उसके विभेदोंको बतानेवाला भक्तियोग है. इसका विवेचन-बिन्दु मुख्यतया यह है कि कौनसा भक्तियोग श्रेष्ठ है? निराकारकी भक्ति या साकारकी भक्ति? शुद्धाद्वैतकी दृष्टिसे भगवान्का निराकारत्व तथा साकारत्व दोनों ही साथ ही साथ हैं. इन दोनोंमें कोई भी विरोध नहीं है. सर्पकुण्डलन्यायसे निराकार तथा साकार दोनों ही सत्य हैं. कुंडली बनाकर बैठा हुआ सर्प और उस सर्पकी कुंडली दोनों ही सत्य हैं. दोनोंमें एक सत्य तथा दूसरा मिथ्या नहीं है. यहां पर अद्वैतवेदान्तकी तरह निराकारकी परमार्थता तथा साकारकी व्यावहारिकता नहीं स्वीकार्य है.

त्रयोदश अध्याय क्षेत्र-क्षेत्रज्ञविभागयोग है. इस अध्यायसे लेकर सप्तदश अध्याय पर्यन्त भाष्यरूपमें लिखित है. गोस्वामी श्याममनोहरजीके अनुसार इस अध्यायमें क्षर, अक्षर तथा परमात्मा के रूपमें ब्रह्मके त्रैविध्यके कारण कर्मादि मार्गत्रैविध्यका प्रतिपादन किया गया है. कर्ममार्ग देशादि छहकी अपेक्षा करता है, वह आधिभौतिक है. ज्ञानमार्ग आधिदैविक है तथा भक्तिमार्ग आध्यात्मिक है. भक्तिमार्गमें जड़, जीव तथा ईश्वरकी अपेक्षा हमेशा होती है. यदि इन तीनोंमें से एक भी नहीं है तो भक्ति सम्भव नहीं हो पाती. जड़में ममताका बन्ध है तथा जीवमें अहन्ता है, इन दोनोंद्वारा भगवान्‌को भी विषय बनाने पर भक्तिका मार्ग खुल जाता है. [२६]

चतुर्दश अध्याय गुणत्रयविभागयोग है. इस अध्यायमें गुणत्रयसमाहाररूपा प्रकृति किस प्रकारसे बन्धका कारण बनती है, किस प्रकारसे उसके द्वारा संशय, भ्रान्ति, शोक, मोह, राग, द्वेष इत्यादि उत्पन्न होते हैं. इसका विवेचन किया गया है. इस प्रसंगमें गोस्वामी श्याममनोहरजीने सृष्टि आदिकी प्रक्रियाका भी स्पष्ट वर्णन किया है.

पंचदश अध्याय पुरुषोत्तमयोग है. इसमें क्षर, अक्षर तथा परमात्मा के रूपमें ब्रह्मके त्रैविध्यका सम्यग् उपपादन किया गया है. अव्यय निराकार ब्रह्म तथा अश्वत्थ साकार ब्रह्म है. इन दोनोंका तादात्म्य स्वीकार करनेवाला शुद्धाद्वैतवाद साकारब्रह्मवाद है.

षोडश अध्याय दैवासुरसम्पद्विभागयोग है. इसमें मनुष्यकी दैवी

२६.भक्तिमार्गे ह्यपेक्ष्यन्ते जडजीवेश्वराः सदा।
जडे हि ममताबन्धो जीवेऽहन्ताकृतो यथा॥
उभयोरपि तादर्थ्यात् सेवने भक्तिमार्गिता। प्रस्तुत ग्रन्थ, त्रयोदशाध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेप, पृ. ५६, श्लोक ११-१२

सम्पत्तियों तथा आसुरी सम्पत्तियोंका उपवर्णन किया गया है. दैवी सम्पत्ति विमोक्षके लिए तथा आसुरी सम्पत्ति बन्धनार्थ है. इस अध्यायके प्रतिपाद्यका संक्षेप देनेके क्रममें पुष्टि-प्रवाह-मर्यादाका भी विशेषतः विवेचन विद्वान् लेखकके द्वारा किया गया है. "**मा शुचः सम्पदं दैवीमभिजातोऽसि भारत!**" हे अर्जुन! तुम दैवी सम्पत्तियोंसे युक्त हो शोक मत करो, ऐसा निर्देश देते हुए कृष्ण दैवी सम्पत्तिसे सम्पन्न प्रत्येक प्राणीको अभयप्रदान कर रहे हैं.

सप्तदश अध्याय श्रद्धात्रयविभागयोग है. इसमें सात्त्विक, राजस तथा तामस त्रिविध श्रद्धाओंका विभाग किया गया है. वस्तुतः इस सत्त्वानुरूप श्रद्धाके कारण ही प्रत्येक व्यक्तिकी प्रवृत्ति होती है. यह श्रद्धा त्रिगुणात्मिका है, इसी कारण व्यक्तियोंकी विभिन्न देवोंमें अनुराग होता है. श्रीकृष्ण स्वयं यह बताते हैं कि जो भी भक्त जिस जिस शरीरको श्रद्धासे पूजना चाहता है, उसी उसी शरीरमें ही मैं उसकी श्रद्धाका विधान कर देता हूं. फिर वहीं पर यह भी कहते हैं कि जो व्यक्ति शास्त्रविधिका उल्लंघन करते हुए मनमाना आचरण करता है, उसको सिद्धिकी प्राप्ति नहीं होती. परन्तु यदि श्रद्धाके अनुरूप ही व्यक्तिकी प्रवृत्ति होती है तो इन दोनों ही भगवद्वचनोंमें किस प्रकारसे संगति हो सकेगी? इस अध्यायमें इन समस्त प्रश्नोंका समाधान खोजनेका प्रयास किया गया है. समाधान यह है कि लोकनिष्ठासे किया गया प्रत्येक कर्म त्रिगुणात्मक है, इससे परे नहीं है. परन्तु ब्रह्मनिष्ठासे किया गया कर्म नैर्गुण्यके लिए उपपन्न होता है. यही नैर्गुण्य वस्तुतः सिद्धि है जो कि शास्त्रानुसारी कर्म करनेसे प्राप्त होती है. [२७]

अष्टादश अध्याय मोक्षसंन्यासयोग है. इसमें पूर्वोक्त समस्त विषयोंका

२७.द्रष्टव्य सप्तदशाध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेप

उपसंहारके रूपमें संकलन है. उक्त तथा अनुक्त विषयों का भी संयोजन है. इस कारण इस अध्यायको गोस्वामी श्याममनोहरजी इस अध्यायको वार्तिकके रूपमें प्रस्तावित करते हैं. निष्कर्षके रूपमें मार्जारी न्यायसे भगवानकी अनन्याश्रयात्मिका शरणागतिमें ही पुनः कृष्णार्जुनसंवादरूपा गीताका परम तात्पर्य है यह प्रतिपादन गोस्वामी श्याममनोहरजी करते हैं.

शुद्धाद्वैतकी जो दृष्टि है तथा गोस्वामी श्याममनोहरजीके प्रतिपादनमें जो बिन्दु मुझे समझमें आती है वह यह है कि समस्त मानवजाति एक ही भावभूमि पर अवस्थित नहीं है. सभी व्यक्ति समान रूपसे करुणा, दया या विवेक से युक्त नहीं हैं. ऐसी स्थितिमें किस प्रकारसे समस्त मानवप्रजातिके लिए एक ही संविधान लागू किया जा सकता है? इसी कारण हमारे शास्त्रोंमें अधिकारभेदकी बात की जाती है. गीतामें कर्मयोग, ज्ञानयोग तथा भक्तियोग उपदेश इन तीनोंका है. परन्तु उपदेश वैकल्पिक नहीं है, व्यक्तिकी इच्छास्वातन्त्र्यपर निर्भर नहीं है, किन्तु व्यक्तिके अधिकार, उसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति व योग्यता पर निर्भर है.

निश्चय ही गोस्वामी श्याममनोहरजी इस प्रकारके ग्रन्थोंका संस्कृतमें प्रणयन करते हुए शास्त्रीय भारतीय दर्शनकी महनीय परम्पराको ही अग्रेसर कर रहे हैं. मैं एतदर्थ आपको साधुवाद देता हूं तथा आपके इस निर्देशको अपना सौभाग्य मानता हूं कि आपने मुझे इस ग्रन्थकी भूमिका लिखनेका निर्देश दिया.

गीतार्थसंक्षेपणकार्यदक्षः गोस्वामिवर्यः श्रीकृष्णभक्तः
शुद्धाद्वयज्ञानविवेकयुक्तो रराजते श्याममनोहरोऽयम्

हरिप्रबोधिनी एकादशी, सच्चिदानन्द मिश्र
कार्तिक शुक्ल पक्ष, वि.सं.२०७३ आचार्य,दर्शन एवं धर्म विभाग
वाराणसी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

विषयानुक्रमणिका

ग्रंथक्रम	पृष्ठक्रम
प्रथमाध्याय:	०१ - ०८
द्वितीयाध्याय:	०९ - १४
तृतीयाध्याय:	१५ - १८
चतुर्थाध्याय:	१९ - २६
पञ्चमाध्याय:	२७ - २९
षष्ठाध्याय:	३० - ३३
सप्तमाध्याय:	३४ - ३८
अष्टमाध्याय:	३९ - ४०
नवमाध्याय:	४१ - ४२
दशमाध्याय:	४३ - ४६
एकादशाध्याय:	४७ - ५०
द्वादशाध्याय:	५१ - ५४
त्रयोदशाध्याय:	५५ - ५८
चतुर्दशाध्याय:	५९ - ६२
पञ्चादशाध्याय:	६३ - ६८
षोडशाध्याय:	६९ - ७३
सप्तादशाध्याय:	७४ - ७७
अष्टादशाध्याय:	७८ - ८१
उद्धृतवचनानुक्रमणिका	८२ - ८५

॥ श्रीकृष्णाय नमः ॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः ॥

॥ प्रथमाध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेपः ॥

(मंगलाचरणेनोपक्रमः)

ब्रह्मात्मकक्षरातीतो ह्यक्षरादपि चोत्तमः ॥
स्वमहिम्न्यक्षरे धाम्नि श्रीकृष्णो राजते सदा ॥१॥

एकं शास्त्रं देवकीपुत्रगीतं
देवं चैकं देवकीपुत्रमेनम् ॥
नत्वा वाणीं वाक्पतेरीदृशीञ्च
मद्वाक्शुद्धिमत्र सम्भावयामि ॥२॥

(प्रतिपाद्यविषयविमर्शः)

शास्त्रेऽस्मिन् वक्तृश्लोकानां संख्याभेदो यथोदितः ॥
उत्तमुरवीरराघवार्यैस्तल्लिख्यते ह्यधः ॥३॥

''पञ्चसप्ततियुक्तानि श्लोकानां प्राह केशवः ॥
शतानि पञ्च, पार्थस्तु चतुरोशीतिमेव च ॥४॥
चत्वारिंशत्सञ्जयोक्ताः राज्ञैकः इति तन्मितिः'' [१] ॥

सर्वोपनिषदां सारभूतं शास्त्रमिदं खलु ॥५॥
नारायणेन हि नरायोपदिष्टं विशेषतः ॥
चतुर्विधो हि भेदोऽत्र शास्त्रे समुपलभ्यते ॥६॥
आद्यस्तु धृतराष्ट्रेणान्धेन साकं हि सञ्जयः ॥
तत्सुतानां पाण्डवानां युद्धवार्तां जगाद यत् ॥७॥
संवादे चैतयोः द्वाविंशश्लोकयोजना ॥
व्यासप्रसादतः श्रोतुं दूरस्थोऽपि क्षमोऽभवत् ॥८॥
द्वितीयोऽन्तर्गतश्चास्मिन् श्रीकृष्णार्जुनयोः पुनः ॥

१.भग.गीता भा.व्या.भू.पृ.१४

युद्धौचित्यानौचित्ये यद् मित्रभावेन जल्पनम् ॥९॥
लौकिकीं रीतिमाश्रित्य सारथिरथिनोः मिथः ॥
जीवान्तर्यामिणोः ह्यत्र पार्थश्रीकृष्णरूपयोः ॥१०॥
विषादमोहग्रस्तोद्धारकर्त्रोरिति स्थितिः ॥
तृतीयस्त्वौपनिषदब्रह्मविद्यानिवेशानात् ॥११॥
सख्युश्चार्जुनस्येह शिष्यभावोपसत्तितः ॥
गुरुशिष्योपनिषद्रूपा वागीश्वररूपिणी ॥१२॥
सर्वाध्यायपुष्पिकासु चेत्थमेवोदिता हि सा ॥
मुखोद्गततया गीता ब्रह्मविद्याशिरोपमा ॥१३॥
योगशास्त्रतयाख्याताध्यायानां योगता ततः ॥

''आत्मप्रयत्नसापेक्षा विशिष्टा या मनोगतिः ॥१४॥
तस्य चेश्वरसंयोगो 'योग'इत्यभिधीयते'' [२] ॥

वचनादर्जुनस्यापि विषादेन प्रपन्नता ॥१५॥
'विषादयोग'इत्याख्योऽध्यायस्तस्मादुदीरितः ॥
श्रीमद्भागवते तस्माद् अपि कामदिवृत्तीनाम् ॥१६॥
नित्यं भगवता साकं योजनेन विमुक्तता ॥

''नृणां निःश्रेयसार्थाय व्यक्तिर्भगवतो नृप! ॥१७॥
अव्ययस्याप्रमेयस्य निर्गुणस्य गुणात्मनः ॥
कामं क्रोधं भयं स्नेहमैक्यं सौहृदमेव वा ॥१८॥
नित्यं हरो विदधतो यान्ति तन्मयतां हि ते ॥
न चैवं विस्मयः कार्यो भवता भगवत्यजे ॥१९॥
योगेश्वरेश्वरे कृष्णे यत एतद् विमुच्यते'' [३] ॥

योगेश्वरेश्वरोक्तं वै योगशास्त्रमिदं नवम् ॥२०॥
तस्मात् सञ्जयसंवादस्यापि शास्त्रत्वमक्षतम् ॥

२.विष्णुपुरा.६।७।३१
३.भाग.पुरा.१०।२९।१४-१६

अग्रिमा योगशास्त्रीयाश्चाध्याया योजका मता: ॥२१॥
ईशेन सह जीवस्य ईशेन कथिता मुदा॥
जीवप्रयत्नद्वारेण जीवेश्वरसुयोजका॥२२॥
गीता चाष्टादशाध्याय-षट्क-त्रयविभागश: ॥
कर्मभक्तिज्ञानभेदै: क्रमशश्चान्तरंगत॥२३॥
मुक्तिरूपफलप्राप्तौ त्रयाणामुत्तरोत्तरा॥
कल्पिता कैश्चिदत्रैवं वक्तुं नैवोचिता तु सा॥२४॥
भक्तेस्तु त्रिषु षट्केषु श्रैष्ठ्यं कण्ठोक्तमेव हि॥
तथाहि प्रथमे षट्के भगवता प्रतिपादितम्॥२५॥
''सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थित: ॥
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते''[४]॥२६॥
तथा द्वितीयषट्केऽपि कृष्णेन ब्रह्मणा मुखात्॥
''अन्तवत्तु फलं तेषां तद् भवत्यल्पमेधसाम्॥२७॥
देवान् देवयजो यान्ति मद्भक्ता यान्ति मामपि''[५]॥
एवं तृतीयषट्केऽपि गुणातीत-स्तुतावपि॥२८॥
''मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते॥
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते''[६]॥२९॥
केवले मध्यषट्केऽतो भक्तियोगप्रधानता॥
न गीतावचनात् सिद्धा षट्कत्रयमतिर्मुधा॥३०॥
अन्यैस्तु गीताशास्त्रस्य युद्धकर्मोपदेशिता॥
प्रधाना चानिराकार्या बहुशो वै विधानत: ॥३१॥
सत्यं तद् रथिसारथ्यो: वादे नोपनिषत्स्वपि॥
ब्रह्मविद्यासु युद्धादिकर्मणां ह्यप्रसक्तता॥३२॥

४.भग.गीता ६।३१
५.भग.गीता ७।२३
६.भग.गीता १४।२६

तथाहि -
''श्रेयान् द्रव्यमयाद् यज्ञाद् ज्ञानयज्ञ: परन्तप॥
